# बिहार सरकार
# पथ निर्माण विभाग

प्र0–11/विविध–03–14/2024 पटना, दिनांक –

सेवा में,

महालेखाकार बिहार,
पटना।

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

द्वारा :– वित्त विभाग।

**विषयः**– BSHP-IV (Bihar State Highway IV Project) के अन्तर्गत राज्य उच्च पथ संख्या–92 (Ganpatganj-Parwaha) पथ परियोजना का निर्माण कार्य (लम्बाई–47.432 कि०मी) हेतु कुल ₹ 70395.00 लाख (सात सौ तीन करोड़ पन्चानबे लाख) रूपये के अनुमानित व्यय पर प्रशासनिक स्वीकृति।

**आदेश**– BSHP-IV (Bihar State Highway IV Project) के अन्तर्गत राज्य उच्च पथ संख्या–92 (Ganpatganj-Parwaha) पथ परियोजना का निर्माण कार्य (लम्बाई–47.432 कि०मी) हेतु कुल ₹ 70395.00 लाख (सात सौ तीन करोड़ पन्चानबे लाख) रूपये के अनुमानित व्यय के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विषयगत कार्य प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् सम्पादित किया जाएगा।
3. विषयगत कार्य अन्तर्गत पुल/पुलियों का निर्माण प्रारंभ करने के पूर्व वांछित जलीय आंकड़ों के साथ जल संसाधन विभाग, बिहार, की अनुमति प्राप्त कर ली जाय।
4. विषयगत कार्य का वित्त पोषण बजट व्यय शीर्ष " 5054 – सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय–03–राज्य राजमार्ग–337–सड़क निर्माण कार्य–0508 सड़क (एशियन विकास बैंक संपोषित) मत्तदेय" विपत्र कोड–41–5054033370508 के अन्तर्गत किया जायेगा, जिसके ऋणांश की प्रतिपूर्त्ति बिहार सरकार द्वारा किया जायेगा।
5. विषयगत कार्यों का कार्यान्वयन बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना द्वारा कराया जायेगा। अवर सचिव (लेखा), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना कार्य के निमित्त निकासी पदाधिकारी होंगे, जो राशि की निकासी पटना निर्माण भवन कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना से करेंगे एवं मुख्य महाप्रबंधक , बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना को उपलब्ध करायेंगे। मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना द्वारा निर्दिष्ट उप महाप्रबंधक (तक०) कार्य के निमित्त व्ययन पदाधिकारी होंगे।
6. विषयगत कार्यों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धरित किया जाता है :–

| वर्ष | वित्तीय लक्ष्य (लाख रू0 में) | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 2026-27 | 28158.00 | लगभग 40 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण करना। |
| 2027-28 | 21118.00 | लगभग 30 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण करना। |
| 2028-29 | 21119.00 | सभी कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण करना। |
| **कुल** | **70395.00** | |

7. प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना विषयगत कार्य की प्रगति की नियमित रूप से प्रतिमाह समीक्षा करेंगे।

8. इसकी सूचना प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता सीमांचल, पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दे दी गयी है।

9. अनुरक्षण एवं संधारण, निर्माण अवधि तथा Defect Liability Period के उपरान्त पथ का दीर्घकालीन अनुरक्षण एवं संधारण संबंधित पथ प्रमंडल में तत्समय लागू OPRMC के अन्तर्गत किया जायेगा।

10. प्रस्ताव पर लोक वित्त समिति की सहमति प्राप्त है।

11. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 12888, दिनांक 03.12.2024 के आलोक में प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति संचिका के पृष्ठ संख्या–29/टि० पर दिनांक–27.05.2026 को प्राप्त है।

12. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या प्र0–11/विविध–03–14/2024 के पृ० 31/टि० पर दिनांक 02.06.2026 को प्राप्त है।

ह०/–

**(अंजनी कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र0को),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक :– प्र0–11/विविध–03–14/2024 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, पटना निर्माण भवन कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/–

**(अंजनी कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र0को),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक :– प्र0–11/विविध–03–14/2024 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :–वित्त विभाग (आय–व्ययक शाखा), पटना/ प्रमंडलीय आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा/ प्रमंडलीय आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया/ जिला पदाधिकारी, सुपौल/जिला पदाधिकारी, अररिया को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/–

**(अंजनी कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र0को),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक :– प्र0–11/विविध–03–14/2024 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :– प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य अभियंता सीमांचल, पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना/ मुख्य अभियंता, अनुश्रवण उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना/ अधीक्षण अभियंता, सेतु निरूपण अंचल, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पटना / अधीक्षण अभियंता, उच्च पथ योजना एवं अन्वेषण अंचल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

2. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना विषयगत कार्य के विस्तृत प्राक्कलन का प्रावैधिक स्वीकृति अविलम्ब प्रदान करेंगे।

3. प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना इस कार्य की मासिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार/ अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/–

**(अंजनी कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र0को),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक :– प्र0–11/विविध–03–14/2024 3923 (S) पटना, दिनांक – 05/6/26

प्रतिलिपि :–माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/ सरकार के विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार/संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग / आं0वि0स0, पथ निर्माण विभाग/ मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), पथ निर्माण विभाग/ अधीक्षण अभियंता योजना, पथ निर्माण विभाग / सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ / अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ/ अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ/ अधीक्षण अभियंता (नाबार्ड, बाह्य सम्पोषित, राष्ट्रीय उच्च पथ, ROB) पथ निर्माण विभाग/ कार्यपालक अभियंता, बाह्य सम्पोषित, पथ निर्माण विभाग/ प्रशाखा पदाधिकारी, आय–व्ययक प्रशाखा–9/ प्रशाखा–10 एवं 11, पथ निर्माण विभाग, पटना / आई0 टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मीशु मनीषा कुमारी, पी0एम0यु0 लीड, पथ निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

अंजनी कुमार
04/06/26

**(अंजनी कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र0को),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

04.06.26

(18)